Helpline **1064**

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी का कनिष्ठ सहायक एवं यातायात सलाहकार (प्राईवेट व्यक्ति) 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *23 जुलाई, मंगलवार*। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सुरेन्द्र कुमार भादू कनिष्ठ सहायक, कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर एवं रोशन पंवार यातायात सलाहकार कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर (प्राईवेट व्यक्ति)** को परिवादी से **5 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि विभिन्न पत्रावलियों को पास करवाने की एवज में आरोपी सुरेन्द्र कुमार भादू कनिष्ठ सहायक, कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर द्वारा स्वयं एवं परिवहन निरीक्षक के नाम से प्रति फाईल 3500 रुपये के हिसाब से **5 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई के **पुलिस निरीक्षक श्री मनीष वैष्णव** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण सुरेन्द्र कुमार भादू कनिष्ठ सहायक, कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर एवं रोशन पंवार यातायात सलाहकार कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **5 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**